<u>आकाशवाणी मध्यप्रदेश</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक : 28.01.2026 समय : 07.10PM

## मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बजट सत्र की शुरुआत में कहा—विकसित भारत जी-राम-जी कानून में 125 दिन रोजगार की गारंटी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन पर शोक व्यक्त किया।
- प्रदेश में सफल हो रही 'पीएम सूर्य घर योजना'; अब तक 29 हजार घरों में लगे सोलर उपकरण।
- प्रदेश में मौसम के अचानक बदले मिजाज ने प्रदेशभर में ठिठुरन बढ़ा दी है।

## बजट सत्र

संसद का बजट सत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण के साथ शुरू हो गया है। राषट्रपति ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और विकास के लिए विकसित भारत जी-राम-जी कानून लागू किया गया है। बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि नए कानून के अंतर्गत गांव में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की गई है। यह भ्रष्टाचार और गबन को रोकने में भी सहायक होगा। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि सरकार के निरंतर प्रयासों से आज सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ लगभग 95 करोड़ भारतीयों को मिल रहा है जबकि, वर्ष 2014 की शुरुआत में केवल 25 करोड़ नागरिकों को ही इन योजनाओं का लाभ मिल रहा था।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ दुनिया में भारत का कड़ा रूख पेश किया है।

## पीएम एनसीसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश के युवा आज साहस और प्रतिबद्धता को देश-प्रथम की सोच के साथ परिभाषित करते हैं। नई दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में वार्षिक एनसीसी पीएम रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एनसीसी एक ऐसा आंदोलन है जो भारत के युवाओं को आत्मविश्वासी, अनुशासित और राष्ट्र के प्रति समर्पित संवेदनशील नागरिक बनाता है।

श्री मोदी ने कहा कि पिछले कुछ सालों में, एनसीसी की ताकत 14 लाख से बढ़कर 20 लाख से ज़्यादा कैडेट की हो गई है, जिसमें सीमा और तटीय इलाकों से भागीदारी बढ़ी है।

बीटिंग रिट्रीट 2026

77वें गणतंत्र दिवस समारोह को दर्शाने वाला बीटिंग रिट्रीट समारोह कल नई दिल्ली के विजय चौक पर होगा। इस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा अन्य केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे।

शिक्षक सम्मेलन'

राजधानी भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में आज मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा आयोजित 'प्रदेश स्तरीय शैक्षिक गुणवत्ता शिक्षक सम्मेलन' में एक हृदयस्पर्शी दृश्य देखने को मिला। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर अपनी विद्यालयीन शिक्षिका कोकिला सेन का भावभीना सम्मान किया और उनका आशीर्वाद लिया।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षक केवल अक्षर ज्ञान नहीं देते, बल्कि वे व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं।

सम्मेलन में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह की उपस्थिति में प्रदेश के उन पाँच शिक्षकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रयोग और नवाचार किए हैं।

राज्यपाल

राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने आज छिंदवाड़ा जिले के तामिया विकासखंड में 'स्वच्छता साथी: Wash on Wheels Plus' सेवा का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में स्वच्छता और स्वास्थ्य सुविधाओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से पहुँचाना है। राज्यपाल महोदय आज रात्रि विश्राम तामिया में ही करेंगे। कल वे भेड़ियापानी ग्राम पहुँचकर सीधे ग्रामीणों से संवाद करेंगे और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लेंगे।

पीएम सूर्य घर योजना

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए पीएम सूर्य घर योजना वरदान साबित हो रही है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अंतर्गत आने वाले भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर और चंबल संभाग के 16 जिलों में अब तक 29 हजार से अधिक उपभोक्ता इस योजना से जुड़ चुके हैं। इन

हितग्राहियों के बैंक खातों में 228 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी राशि सीधे अंतरित की जा चुकी है।इस योजना के तहत घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए सरकार अनुदान दे रही है। उपभोक्ताओं को 1 किलोवॉट के संयंत्र पर 30 हजार, 2 किलोवॉट पर 60 हजार और 3 किलोवॉट या उससे अधिक पर अधिकतम 78 हजार रुपये की सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

<u>अजित पवार-निधन</u>

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का आज बारामती में विमान हादसे में निधन हो गया। नागर विमानन मंत्रालय ने बताया है कि वी एस आर द्वारा संचालित लेयरजेट-45 वीटी–एस.एस.के. विमान बारामती हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मंत्रालय ने बताया है कि विमान में सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई है। इनमें उपमुख्यमंत्री के साथ दो कर्मी और दो विमान कर्मी सदस्य सवार थे।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने श्री पवार के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। विमान हादसे में मारे जाने की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो करेगा। नागर विमानन मंत्रालय के सूत्रों ने बताया है कि जांच ब्यूरो की टीम दिल्ली से पुणे के लिए रवाना हो गई है और बारामती में जाकर दुर्घटना के कारणों की जांच करेगी।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में मौसम के अचानक बदले मिजाज ने प्रदेशभर में ठिठुरन बढ़ा दी है। बीती रात राजधानी भोपाल, इंदौर और ग्वालियर सहित 20 से अधिक जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश दर्ज की गई। उज्जैन और सागर संभाग के कई हिस्सों में हुई ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। उज्जैन में गिरे ओलों के बाद प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए प्रभावित क्षेत्रों में राहत राशि वितरण हेतु सर्वे कार्य शुरू कर दिया है। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, रीवा और सागर संभाग सहित 14 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

- रायसेन जिला में 1 और 2 फरवरी को 'सांसद खेल महोत्सव' का समापन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा शामिल होंगे।
- भोपाल के दूरदर्शन केन्द्र में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में "जश्न ए जम्हूरियत :मुशायरा कल शाम 6:30 बजे आयोजित किया जाएगा।

- आज सीहोर जिले के इछावर नगर में अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान करीब 10 से 12 स्थानों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया।
- हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज-2026 के लिए प्रतीक्षा सूची की पांचवीं सूची जारी कर दी है। इस सूची में मध्यप्रदेश की प्रतीक्षासूची क्रमांक 2968 से 3008 तक के कुल 41 हज आवेदकों को प्रोविजनल रूप से चयनित किया गया है।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बजट सत्र की शुरुआत में कहा—विकसित भारत जी-राम-जी कानून में 125 दिन रोजगार की गारंटी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन पर शोक व्यक्त किया।
- प्रदेश में सफल हो रही 'पीएम सूर्य घर योजना'; अब तक 29 हजार घरों में लगे सोलर उपकरण।
- प्रदेश में मौसम के अचानक बदले मिजाज ने प्रदेशभर में ठिठुरन बढ़ा दी है।